बीरबल ने जवाब दिया, "पहली शर्त है कि बादशाह को घोड़ा लेने वहाँ स्वयं ही आना पड़ेगा। दूसरी शर्त यह है हुजूर कि जब घोड़े का रंग दूसरे घोड़े से अलग है तो घोड़े को लाने का दिन भी अलग होना चाहिए। यानी सप्ताह के सात दिनों के अलावा आप घोड़े को किसी भी दिन ला सकते हैं।"

जब बादशाह अकबर ने बीरबल की दूसरी शर्त सुनी तो वे बीरबल का मुख देखने लगे। बीरबल बोला, "हुज़ूर, यदि आपको हरा घोड़ा चाहिए, तो दोनों शर्तें माननी पड़ेंगी।"

बादशाह अकबर बीरबल की इस बात को सुनकर निरुत्तर हो गए। वो मन-ही-मन प्रसन्न थे कि बीरबल ने अपनी चतुराई से उन्हें इस बार फिर मात दे दी है।

Stepping Stone School (High)
Class:- III
Sub:- 2nd Lang (Hindi)
Worksheet No. (10)
Date :- 06/05/2020 Time Limit:- 30 mins

बच्चों, दिए गए के बाकी हिस्से में – बादशाह अकबर को बीरबल ने हरे रंग के घोड़े को लाने की दो शर्तें रखी थीं, पहली शर्त के अनुसार बादशाह अकबर को स्वयं ही उस घोड़े को लाने के लिए जाना होगा और दूसरी शर्त के अनुसार सप्ताह के सात दिनों के अलावा बाकी किसी भी दिन वे घोड़े को ला सकते हैं। इस प्रकार बीरबल ने अपनी तीव्र बुद्धि का परिचय दिया और बादशाह द्वारा लिए गए परीक्षा में सफल हुए।

I दिए गए वर्तनी को एक पेपरशीट में उतारें और याद करें।

वर्तनी

1) स्वयं
2) हुज़ूर
3) सप्ताह
4) निरूत्तर
5) चतुराई

II दिए गए शब्दार्थ को उतारें और याद करें।

1) जवाब = उत्तर
2) स्वयं = खुद
3) चतुराई = चालाकी

III दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक पेपरशीट में लिखिए :-

1) अकबर बीरबल के साथ क्या कर रहे थे ?
2) अकबर ने बीरबल से क्या लाने के लिए कहा ?
3) बीरबल ने अकबर के सामने कौन-सी दो शर्तें रखीं ?
4) अकबर बीरबल की किस बात से प्रसन्न थे ?